ISO 9001:2015 CERTIFIED

"महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।"

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES

ख़बर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप्प, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 13 | नीमच, बुधवार 17 से 23 सितम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

"प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर विशेष"

## भारत के स्वाभिमान को जगाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी-जगदीश देवड़ा



भारत के नागरिक भाग्यशाली हैं कि वे भारत का नवनिर्माण होता देख रहे हैं। हर क्षेत्र में नया भारत बन रहा है। इन गौरवशाली क्षणों का श्रेय यशस्वी, सशक्त और विश्व दृष्टिह सम्पन्न प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने भारत के स्वाभिमान को जगाया है और आत्म-विश्वास को मजबूत किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से कोटि-कोटि बधाइयां और शुभकामनाएं। वे दीर्घायु हों और हमेशा हमें नेतृत्व प्रदान करते रहें। वे अपने जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश को ऐसा उपहार देने आये हैं, जिससे प्रदेश और देश के इतिहास में एक नया पन्ना जुड़ रहा है। देश की महत्वाकांक्षी "पीएम मित्र पार्क परियोजना" का भूमि-पूजन हो रहा है। यह पार्क मध्यप्रदेश के लिये अनमोल उपहार साबित होगा। हमारे कपास उत्पादक किसानों का जीवन बदलेगा और समृद्धिद के नये द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के लिए वरदान साबित हुए हैं। भारत निराशा में डूबा राष्ट्र बनता जा रहा था। युवाओं में भी निराशा थी। व्यापार डूब रहा था। भ्रष्टाचार फैल रहा था। हमारी कोई वैश्वि क पहचान नहीं थी। अर्थव्यवस्था में हम पिछड़ गये थे। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने अविलंब विकासोन्मुखी कार्यों की शुरूआत कर दी। राष्ट्रवादी मूल्यों और संस्कृति में वे अच्छी तरह पल्लवित थे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत बदल रहा है। हर क्षेत्र में नये परिवर्तन हो रहे हैं। हमारी नीचे जाती अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी एक युग-दृष्टा हैं। वे भविष्य को पहचान लेते हैं और आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीतियां तैयार रखते हैं। उन्होने विश्वपटल पर भारत की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। श्री मोदी जी का जीवन हमें निरंतर प्रेरणा देता है। साधारण परिवार में जन्म लेकर देशहित को सर्वोपरि मानते हुए वे जिस तरह जनसेवा के पथ पर अग्रसर हुए, वह असाधारण है। बचपन से ही राष्ट्रप्रेम और सेवा-भावना उनकी शक्ति रही। आज जब हम 21वीं सदी के भारत की कल्पना करते हैं, तब श्री मोदी जी का व्यक्तित्व और कार्यशैली एक मार्गदर्शक दीपस्तंभ के रूप में सामने आते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने भारत को केवल 'विकास' की दिशा में आगे नहीं बढ़ाया, बल्कि 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए। स्वच्छ भारत अभियान से लेकर स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक मोदी जी की हर पहल जनता के कल्याण और देश को मजबूत बनाने का सशक्त कदम है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने के लिये समस्त भारतीयों को प्रेरित किया है। श्री मोदी को देश की युवा शक्तिउ और उनके कार्य कौशल पर अटूट भरोसा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने भारत की साख को इतना ऊँचा उठाया है कि आज पूरा विश्व भारत के नेतृत्व को सम्मान की दृष्टि से देखता है। G20 की अध्यक्षता, अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ, सीमा सुरक्षा की सुदृढ़ता और गरीब कल्याण की योजनाएँ उनके नेतृत्व की गाथा को अमर कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर से विश्व पटल पर भारत की एक अलग छवि बनी है। मध्यप्रदेश में भी मोदी जी की नीतियों और दूरदर्शिता का सीधा लाभ जनता को मिला है। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि निःशुल्क राशन, जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों का जीवन बदला है। गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाना मोदी जी के संकल्प और अथक परिश्रम का परिणाम है। वे केवल राजनेता नहीं, बल्कि एक संकल्प और नवाचार के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ईमानदारी, राष्ट्रनिष्ठा और कठोर परिश्रम से असंभव को भी संभव किया जा सकता है।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता बनने का गौरव हासिल किया है। एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि श्री मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारत न केवल वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिल रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर और जीएसटी सुधार से पूरे विश्व में भारत के प्रति दृष्टिरकोण बदल गया है। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होने सबका विश्वास जीता है। हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करने के कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णयों का परिणाम अब हमारे सामने आने लगा है। उदाहरण के लिए भारत अब डिजिटल इंडिया के रूप में जाना जाने लगा है। लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिये उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक हुई है। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' देश के शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव है जिसे पूरे भारत में सराहा गया है। नीति में बुनियादी शिक्षा में सुधार, स्कूल संरचनाओं में बदलाव, चार वर्षीय अंतःविषय स्नातक कार्यक्रम और देश में शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकृत करने का प्रस्ताव है। ये सब भारत को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विकास का हर क्षेत्र बदल रहा है। अभी भारत को विश्व गुरू बनने का सपना पूरा करना है।



हम सब संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आदर्शों पर कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। मध्यप्रदेश की जनता की ओर से एक बार फिर हमारे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्म दिवस की कोशिटः शुभकामनाएं।

**(लेखक मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री हैं।)**

## क्षेत्रीय सांसद गुप्ता ने जताया केन्द्र सरकार का आभार

# अफीम नीति वर्ष 2025-26 घोषित, अफीम किसानों के लिए बड़ी राहत



**नीमच**। मंदसौर नीमच जावरा क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि सीपीएस पद्धति के अंतर्गत ऐसे किसान जिन्होने वर्ष 2024-25 में पोस्ता भूसा 900 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक तुलवाया है वह सभी किसान इस वर्ष चीरा पद्धति से अफीम खेती कर सकेंगे।

वे किसान जिन्होने 4.2 से अधिक मार्फिन जमा कराई है वे सभी किसान इस वर्ष भी चीरा पद्धति में पात्र होंगे। ऐसे किसान जो वर्ष 2023-24 प्रति हेक्टेयर 675 किलोग्राम से कम पोस्ताभूसा की उपज देने के कारण फसल वर्ष 2024-25 के लिए निलंबित किए गए थे उन किसानों को राहत प्रदान करते हुए इस वर्ष अफीम खेती करने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995-96 के बाद के वे सभी अफीम किसान जो पिछले वर्ष की नीतियों में अफीम लायसेंस के लिए पात्र थे परंतु किसी कारण से लायसेंस जारी नही हुए या फिर अफीम खेती नही कर पाए ऐसे सभी किसान और उनके वैध वारिस लायसेंस के लिए पात्र होंगे। वर्ष 2023-24 एवं 2025-26 में अपनी संपूर्ण खड़ी पोस्ता फसल संबंधित अधिकारियों की निगरानी में जुताई करा दी गई हो, लेकिन वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी पूरी फसल न जुतवाई हो ऐसे किसान अफीम फसल वर्ष 2025-26 में पात्र होंगे। इसी के साथ ही वे किसान जो फसल वर्ष 2024-25 में लायसेंस पाने के पात्र थे और किसी कारणवश पट्टा प्राप्त नही कर पाये ऐसे किसान भी इस वर्ष अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे। ऐसे किसान जिनके लायसेंस एनडीपीएस प्रकरण के कारण निरस्त कर दिए गए थे परंतु न्यायालय द्वारा दोष मुक्त कर दिए गए है तो वे सभी किसान भी अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे। ऐसे अफीम किसान जिन्होने 800 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से कम पोस्त भूसा तुलवाया है उनके लायसेंस भी निरस्त ना करते हुए केवल एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित किए गए है परंतु उनके पास अगले फसल वर्ष के लिए लायसेंस बना रहेगा। इसी के साथ ही यदि काश्तकार चाहे तो लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र को पूरा करने के लिए दूसरों की भूमि को पट्टे पर ले सकता है। सीपीएस पद्धति के लिए खेती के जो किसान पात्र हो गए हैं, उन्हें आगामी 5 वर्षों के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे, जो कि फसल वर्ष 2025-26 से जारी होकर फसल वर्ष 2029-30 तक प्रभावी रहेंगे। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि पात्र काश्तकारों के नाम सीबीएन वेबसाइट और सीबीएन ऑनलाइन पॉर्टल पर अपलोड किए जाएंगे तथा उन्हें मोबाइल नंबर पर संबंधित संदेश, मेल आदि माध्यमों से सूचित किया जाएगा। ऐसा करने से किसान पॉलिसी जारी होने के कुछ समय के भीतर ही पात्रता सूची में अपना नाम देख सकेंगे। सरकार का यह कदम लाइसेंस वितरण प्रक्रिया को सरल व सहज करेगा। इससे पारदर्शिता भी आएगी। अब किसान ऑनलाइन फॉर्म भरकर लाइसेंस प्राप्त कर सकता है तथा पात्र किसानों की सूची भी वेबसाइट पर अपलोड हो जाएगी।सांसद गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किसानों के हक में निर्णय लिए जा रहे है। विशेषकर अफीम किसानों के लिए नई अफीम नीति वर्ष 2025-26 से राहत मिलेगी और किसानों को इससे लाभ मिलेगा। इस पॉलिसी में किसानों के द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने फिर एक बार किसान हितेषी अफीम पॉलिसी को जारी किया है। इसके लिए सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया।

## दशहरे मेले में स्टाल हेतु निःशुल्क जगह उपलब्ध, स्थान सीमित

# 5 अक्टूबर को होगा 21 फिट रावण के पुतले का दहन स्वयंगधारी होंगे आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित

**नीमच**। इंदिरा नगर में रावण दहन की नई परंपरा का शुभारंभ 5 अक्टूबर को होगा। जो अनवरत चले ऐसे प्रयास मॉर्निंग क्लब द्वारा किए गए है। इस वर्ष से क्षेत्र में दशहरा उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 5 अक्टूबर आयोजित होने वाले रावण के पुतले दहन रावण दहन कार्यक्रम को लेकर आज शनिवार की प्रातः मॉर्निंग क्लब के सदस्यों विजयसिंह चौहान, जयप्रकाश दलवी, ओम दीवान, मुकेश पोरवाल, शौकीन पामेचा, निलेश जोशी, मनीष चांदना, जुगल कंडारा, जीवनलाल सिंघवा आदि के द्वारा मां शीतलामाताजी मंदिर खेल मैदान परिसर पर सफाई एवं समतल कार्य के साथ ही गाजर घास को उखाड़ने का कार्य प्रारंभ करवाया एवं पूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही परिसर में खाने पीने की वस्तुओं के लिए, पार्किंग व मेले की जगह सुनिश्चित की। समिति के सदस्यों ने बताया कि जो भी संस्थान या दुकानदार यहां अपना स्टाल लगाना चाहते है



वे समिति के सदस्यों से संपर्क कर अपनी जगह सुनिश्चित कर सकते है। उन सभी को निःशुल्क रूप से जगह आवंटित की जाएगी। जगह सीमित है इसीलिए जो भी पहले आकर समिति के सदस्यों से संपर्क करेगा उनको जगह आवंटित हो जाएगी। इंदिरा नगर में पहली बार हो रहे रावण दहन कार्यक्रम को लेकर बड़ा ही उत्साह व जोश देखा जा रहा है। सभी को कार्यक्रम का इंतजार है।

# अफीम पॉलिसी में संशोधन की मांग वंचित किसानों को मिले लाइसेंस

**नीमच**। अफीम उत्पादक संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार की अफीम पॉलिसी 2025-26 में संशोधन की मांग उठाई है। समिति का कहना है कि इस पॉलिसी से किसानों को राहत तो दी गई है, लेकिन उन किसानों को नजरअंदाज कर दिया गया है जो 1990 से 2004 तक किसी कारणवश वंचित रहे। समिति के अध्यक्ष नरसिंह डांगी टिडवास ने बताया कि यह किसान हर साल अफीम पॉलिसी पर नजर टिकाए रहते हैं कि कब उन्हें अवसर मिलेगा, लेकिन अब तक उन्हें मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की अफीम मार्फीन 4.2 प्रतिशत से कम रही है, उनके पिछले चार वर्षों का रिकॉर्ड देखकर उन्हें भी लॉन्चिंग पद्धति में शामिल किया जाना चाहिए। अफीम उत्पादक संघर्ष समिति ने भारत सरकार और केंद्रीय नारकोटिक्स राजस्व विभाग से मांग की है कि अफीम पॉलिसी 2025-26 में संशोधन कर वंचित किसानों को भी 5-5 आरी के अफीम लाइसेंस जारी किए जाएं।

# मनासा पुलिस की कार्यवाही, दबिश के दौरान ग्राम हाडी पिपल्या बाछड़ा डेरों के पास नाले में मिला 3000 लीटर लहान

**नीमच (मनासा)** : पुलिस अधीक्षक श्रीमान अंकित जायसवाल के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी मनासा श्रीमती शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने हेतु तथा अवैध गतिविधीयों एवं अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु मनासा थाना प्रभारी निरीक्षक श्री शिव रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा ग्राम हाडी पिपल्या बाछड़ा डेरों में दी दबिश, दबिश के दौरान हाडी पीपल्या बाछड़ा डेरों के पास नाले में से पृथक-पृथक स्थानों से 3000 लीटर अवैध कच्ची शराब बनाने का लहान मिला, जिसे मौके पर नष्ट कर अज्ञात आरोपी के विरुध्द धारा 34(1), 34 (1) (एफ) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। दिनांक 14.09.2025 को नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध गतिविधीयों एवं अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु मनासा थाना प्रभारी निरीक्षक श्री शिव रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा ग्राम हाडी पिपल्या बाछड़ा डेरों में दबिश दी गई, जहाँ बाछड़ा डेरो के पास जंगल व नाले में 3000 लीटर लहान मिला जिसे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दृष्टि से समक्ष पंचान मौके पर नष्ट किया, संपुर्ण कार्यवाही की विडीयों ग्राफी की गई बाद थाना मनासा पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द धारा 34(1), 34(1) (एफ) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया।

**सराहनीय कार्य :**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मनासा निरी शिव रघुवंशी सहित पुलिस टीम मनासा की सराहनीय भूमिका रही।







# ज्योतिष परिषद द्वारा सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक पितृ तर्पण

**नीमच**। धार्मिक व सामाजिक संस्था ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड परिषद जिला नीमच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्राद्ध पक्ष मे सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर रविवार को श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर राजस्व कालोनी नीमच पर सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। उक्त आशय की बैठक श्री योगेश्वर महादेव मंदिर जवाहर नगर पर सम्पन्न हुई, जिसमे संरक्षक आचार्य प. चतुर्भुज व्यास, प. हरिशंकर पालीवाल, प. नन्दलाल शर्मा, प. राधेश्याम शर्मा, संस्था अध्यक्ष प. दशरथ शास्त्री, उपाध्यक्ष प. लोकेश व्यास, कोषाध्यक्ष प. दिनेश शर्मा, संगठन मंत्री प. राकेश व्यास,प्रचार मंत्री प. गोपाल कृष्ण शर्मा,प. जगदीश शर्मा, प. विष्णु व्यास, प. ओमप्रकाश नागदा, प. प्रहलाद व्यास, प. मनोज नागदा,प. सनत नागदा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था सचिव पंडित कन्हैया नागदा द्वारा दी गई।

## माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 10 दिवसीय माहेश्वरी डांडिया उत्सव 22 सितंबर से

**नीमच**। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि में माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा माहेश्वरी समाज नीमच के तत्वाधान में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना के साथ माहेश्वरी भवन मे 10 दिवसीय भव्य माहेश्वरी डांडिया गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे माता रानी की पूजा होगी उसके बाद गरबा डांडिया का आयोजन किया जाएगा। माहेश्वरी भवन में आयोजित माहेश्वरी डांडिया उत्सव 10 दिवसीय आयोजन में भव्य आकर्षक विशाल माताजी का पांडाल, आकर्षक लाइट ,डीजे साउंड, विभिन्न पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न ग्रुप , फूलों गुब्बारो की भव्य सजावट, अष्टमी पर कन्या पूजन एवं महाआरती के साथ गरबा नृत्य 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगा।

## देलीशा खान भारतीय डॉजबॉल टीम में चयनित, जापान में करेगी भारत का प्रतिनिधित्व



**नीमच**। एशियाई डॉजबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में नीमच की प्रतिभाशाली खिलाड़ी देलीशा खान D/O तोषी मुजम्मिल खान को शामिल शामिल किया गया है। यह चैंपियनशिप 26 से 29 सितंबर तक जापान के शहर चिबा में होगी। देलीशा खान कार्मेल कान्वेंन्ट स्कूल नीमच की कक्षा 11 की छात्रा हैं। 13 जुलाई को मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली। डॉजबॉल एसोसिएशन के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर देलीशा खान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसोसिएशन ने कहा, कि देलीशा का भारतीय टीम में चयन न केवल उनके लिए बल्कि पूरे नीमच के लिए गर्वक्षण है।

# जीरन पुलिस ने क्रेटा कार से 40 किलो डोडाचूरा सहित 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

ब्युरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट



**जीरन**। पुलिस अधीक्षक अकिंत जयसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम जीरन द्वारा 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय वाहन क्रेटा कार कों जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। जानकारी अनुसार जीरन थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में दिनांक 15.09.2025 को दोरान वाहन चेकिंग के कार्यवाही करते हुई पुलिस सहायता केन्द्र के समाने हर्कियाखाल फंटा फोरलेन हाईवे रोड़ क्रेटा कार क्रमांक आरजे 27 सीपी 5688 से 02 प्लास्टीक के कट्टो में 40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय वाहन के किमती 04 लाख रूपये को जप्त कर 01 आरोपी जसवंत सिंह पिता किशोर सिह सोधिया राजपूत उम्र 25 साल निवासी खेरमालिया थाना बघाना जिला नीमच को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से जप्त डोडाचुरा कहाँ से लाया है इस सम्बन्ध में पुछताछ कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश यादव थाना प्रभारी जीरन व पुलिस सहायता केन्द्र हर्किखाल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# नवरात्रि में केवल मूल स्वरूप में माता रानी की घट स्थापना की जाए

## बजरंग दल ने गरबा आयोजकों के लिए निवेदन गाइडलाइन जारी की

हिंदू समाज का प्रमुख नौ दिवसीय त्यौहार नवरात्रि आगामी 22 तारीख से मनाया जाएगा, इस हेतु विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा नीमच जिले में होने वाले विभिन्न गरबा आयोजन हेतु एक गाइडलाइन अपील जारी की है। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कैलाश मालवीय और जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ने बताया कि सनातन संस्कृति की गरिमा और धार्मिक मर्यादा के तहत नवरात्री त्योहार मनाना चाहिए, संगठन की ओर से इस संबंध में सभी आयोजक मंडल से अपील करते हुए एक गाइडलाइन तैयार की है जिसके तहत माता रानी की प्रतिमा उनके मूल स्वरूप में हो, AI आकृति से बनी हुई प्रतिमा या किसी और रूप में बनाई गई प्रतिमा की घट स्थापना ना की जाए, इसके लिए मूर्तिकार और आयोजक पहले से ध्यान रखें ।

किसी भी गरबा व देवी पंडाल में गैर हिंदू व्यक्ति का प्रवेश हर रूप में प्रतिबंधित रहना चाहिए, चाहे वह लाइट, डेकोरेशन, सिक्योरिटी, पत्रकार, खाने-पीने के स्टॉल, मनोरंजन मेला या स्टॉल या पार्किंग व्यवस्था मैं शामिल व्यक्ति हो ।

आयोजन में अश्लील व फिल्मी गानों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए केवल पारंपरिक नवरात्रि एवं भक्ति संगीत ही बजाया जाए । वेशभूषा का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए गरबा आराधना करने वाले गरबा धारी सांस्कृतिक वेशभूषा में ही नजर आए अशोभनीय वस्त्र पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे ।

गरबा स्थल पर हिंदू प्रथा के अनुसार तिलक लगाकर प्रवेश दिया जाए साथ ही परिचय पत्र भी देखा जाए, विधर्मियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश न मिले

होटल लॉज गेस्ट हाउस में अच्छी तरह से परिचय पत्र देखने के बाद प्रवेश दिया जाए। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिला प्रशासन से भी अपील की है कि जिले में अच्छे और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए उचित नियमावली पर अनुमति प्रदान करें। बजरंग दल जिला संयोजक दुर्गेश धनगर ने कहा कि सभी स्तर पर हिंदू संस्कृति अनुसार नियमों का पालन हो इसके लिए सभी गरबा आयोजको, गरबा धारियों से अनुरोध है इसमें कोई कोताही बरतने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अपने स्तर पर सख्तीसे निपटेगा।

# मां शबरी भील समाज सेवा समिति की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन सम्पन्न

## मांगीलाल भील किरता बने जिलाध्यक्ष एवं मोहनलाल खाटकी रूपाहेली बने जिला सचिव

सत्यनारायण सुथार



**जाट**। मां शबरी भील समाज सेवा समिति की नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन गत दिनों रतनगढ़ स्थित शबरी माता मंदिर परिसर प्राचीन किले पर भील समाज के सभी सम्मानित पदाधिकारीयो एवं सदस्य गणों की उपस्थिति में एक वृहद बैठक के दौरान संपन्न हुआ।इस अवसर पर सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर सिंगोली तहसील के किरता निवासी मांगीलाल भील को बनाया गया।एवं जिला सचिव के पद पर रूपाहेली निवासी मोहनलाल खाटकी को मनोनीत किया गया। साथ ही इस अवसर पर शेष जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें जिला संरक्षक के पद पर नानालाल भील धाकड़ खेड़ी,कारुलाल चौहान बरखेड़ा चौहान,जिला उपाध्यक्ष पद पर शांतिलाल भील दंतलाई मनासा, लालाराम भील गोपालपुरा तहसील रामपुरा,रतनलाल भील बसेड़ी भाटी तहसील जावद,घासीराम भील खेड़ा का मौजा तहसील सिंगोली,श्यामलाल भील हनावदा तहसील नीमच, अंबालाल भील झांझर वाड़ा तहसील जीरन, जिला संस्थापक बंशीलाल भील महेंद्री तहसील जावद, जिला संयोजक राजेंद्र चौहान तहसील मनासा, जिला प्रचार मंत्री श्यामलाल भील बंजारी तहसील मनासा, जिला सह मंत्री मांगीलाल भील कुंडला तहसील जावद, जिला व्यवस्था प्रमुख सोहनलाल भील, जिला प्रभारी हेमराज खाटकी रामनगर तहसील जावद को मनोनीत किया गया उक्त जानकारी जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन भील द्वारा दी गई।बैठक के दौरान समस्त कार्यक्रम का संचालन अध्यापक मोहन भील एवं पवन भील द्वारा संयुक्त रूपसे किया गया।

# नगर परिषद डीकेन द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**डीकेन** । नगर परिषद डीकेन द्वारा शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 17-09-2025 को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार पाटीदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अब्दुल रऊफ खान, पार्षद प्रतिनिधी विनोद पाटीदार, घनश्याम भट्ट, हरिसिंह मकोड़िया, मनोहरलाल पाटीदार, मनीष गोयल मंडल उपाध्यक्ष, नगर परिषद डीकेन पूर्व उपाध्यक्ष उमेन्द्र जोशी, नगर से पधारे गणमान्य नागरिकों, नगर परिषद डीकेन के समस्त कर्मचारीगण एवं सफाई मित्रों द्वारा निकाय कार्यालय एवं रहवासी क्षेत्र में सफाई कार्य कर इस अभियान का शुभांरभ किया गया तथा समस्त जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात नगर परिषद कार्यालय में अंगीकार अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास 2-0 योजना अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर उनका सम्मान किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना प्रथम चरण में लाभान्वित हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार पाटीदार एवं पूर्व उपाध्यक्ष जोशी द्वारा अपने उदभोदन में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों, उपलब्ध्यिों के बारे में बताया गया तथा सफाई मित्रों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना एवं धन्यवाद दिया।



## खनिजों का अवैध परिवहन करते तीन वाहन जप्त

**नीमच** : खनिज अधिकारी श्री गजेन्द्र सिह डावर एवं टीम ने अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध जावद व डीकेन क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज रेत एवं खण्डे का अवैध परिवहन करते हुए तीन वाहनों को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जप्त किया गया है। उक्त वाहनों को पुलिस थाना डीकेन एवं जावद थाना की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है।अवैध परिवहन, उत्खनन में संलिप्त वाहनों में डम्पर RJ09GE1968 रेत, ट्रेक्टर MP44ZC7037 रेत, ट्रेक्टर MP45AA8923 खण्डा, शामिल हैं। यह कार्यवाही खनिज विभाग द्वारा 13 व 15 सितम्बर 2025 को की गई हैं।

## नीमच में दो दिवसीय स्किल सेल कॉन्फ्रेंस प्रारंभ, 180 बच्चों की निःशुल्क जांच-विशेषज्ञ डॉक्टर ले रहे हैं हिस्सा

**नीमच** :शहर के टाउन हॉल में अन्नपूर्णा सेवा न्यास, थैलेसीमिया जन जागरण समिति और थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय सिकल सेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। 13 और 14 सितंबर को चलने वाले इस विशेष शिविर में नीमच जिले के 180 थैलेसीमिया व सिकल सेल से पीड़ित बच्चों की निःशुल्क जांच की जा रही है। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बच्चों को परामर्श और चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। यदि किसी बच्चे में गंभीर स्थिति पाई जाती है, तो अन्नपूर्णा सेवा न्यास उसकी सर्जरी भी मुफ्त कराएगा। रविवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और अहमदाबाद से आए विशेषज्ञ डॉक्टर विशेष ओपीडी लगाएंगे। अन्नपूर्णा सेवा न्यास के राकेश 'पप्पू' जैन ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य गंभीर रोगों से जूझ रहे बच्चों को विशेषज्ञ सेवा देकर उनका जीवन बेहतर बनाना है।

# नपाध्यक्ष ने लायंस चौराहा सर्किल पर किया पौधारोपण

**नीमच**! नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में अमृत हरित योजना के तहत शहर में प्रारंभ किए गए हरित नीमच अभियान के अंतर्गत शनिवार 13 सितंबर को वार्ड क्रमांक 34 स्थित लायंस चौराहे पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने सीआरपी रोड पर रविंद्र नाथ टैगोर सर्कल सहित अन्य स्थानों पर समाजसेवी श्री संतोष चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, श्री वासुदेव जी गर्ग, पार्षद श्रीमती शारदा दीपक पाटनी एवं वार्ड वासियों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित जनों ने पेड़ लगाना धर्म हमारा इसे बचाना कर्म




हमारा जेसे नारे लगाकर क्षेत्र वासियों को पौधारोपण के प्रति जागरूक किया ! इस अवसर पर 80 वर्षीय वृद्धा श्रीमती शारदा बंसल के हाथों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी करवाया गया! इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहां की हमारे द्वारा हरित नीमच अभियान के तहत शहर में विभिन्न स्थानों, सर्किल एवं वाटिकाओं में पौधारोपण कर शहर को हरा भरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है ! शहर के नागरिक भी हरित नीमच अभियान के तहत पौधारोपण कर शहर को हरियाली युक्त बनाने में सहयोग प्रदान करे !इस अवसर पर उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने पौधों की देखभाल एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया! कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चोपड़ा व उपस्थितजनों ने लायंस चौराहा स्थित टैगोर सर्कल तथा त्रिकोण वाले सर्किल पर चंपा, टिकॉन प्रजाति के पौधों का रोपण किया तथा पाम के जो पौधे डिवाइडर पर सूख चुके थे उनकी जगह नए पौधे लगाए ! कार्यक्रम में एनयुएलएम प्रभारी श्री प्रवीण आर्य, बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, राजस्व उप निरीक्षक श्री सिंदल, पार्षद प्रतिनिधि श्री विनीत पाटनी, दीपक बंसल,फंटा चौधरी, संजय डांगी,सुशील गोयल, संश्रय शर्मा, श्रीमती सुनीता बंसल, चंदू शर्मा, अशोक लड्डा, कमलेश वर्मा, मोनू सलूजा, शांतिलाल जैन, सतपाल छाबड़ा, संजय बंसल,बगीचा शाखा के जुनैद पठान सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी नागरिक उपस्थित थे।

# सांदीपनि विद्यालय में उमंग दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**सिंगोली** - स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त प्रयास से मध्य प्रदेश में हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों (कक्षा 9-12) में "उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम" लागू है। इसका उद्देश्य छात्रों में जीवन कौशल (life skills), स्वास्थ्य, और स्वच्छता सहित सामाजिक व मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना है। प्रोग्राम में मॉड्यूल आधारित सत्र शामिल हैं जैसे पोषण, जेंडर हिंसा, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर सुरक्षा आदि। इस आशय की जानकारी देते हुए सांदीपनि विद्यालय सिंगोली के प्राचार्य महोदया किरण जैन ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार विद्यालय 12 सितंबर को उमंग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी इतेश व्यास एवं महिला चिकित्सा अधिकारी सलोनी व्यास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात स्वास्थ्य स्वच्छता पर डॉक्टर इतेश व्यास द्वारा बच्चों को हेल्थ टिप्स, संक्रमित बीमारियों से बचाव, अपने आसपास स्वच्छता रखने के लिए प्रयास, एचआईवी एड्स, डेंगू जैसी घातक बीमारियों एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी विद्यार्थियों से विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही महिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सलोनी व्यास द्वारा विद्यार्थियों को बीमारियों से कैसे बचा जाए, कैसे स्वच्छता का ध्यान रखे एवं हाथ धुलाई से संबंधित टिप्स दिए गए। विद्यालय में उमंग दिवस पर चित्रकला, रोल प्ले और संचार के साधन पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिनमें प्रथम तीन विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । अंत में आभार प्रदर्शन सोनू सोनी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र शर्मा, राजेंद्र प्रजापत, वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार धोबी, शंकर लाल जाट, राघवेंद्र शर्मा, हितेश लक्षकार अथिति शिक्षक मधु शर्मा, अंजलि राठौर,रोशन सुथार, महेश दास,नितिन मालवीय के साथ ही विद्यार्थी उपस्थित थे। इस पूरे आयोजन का संचालन विद्यालय के आरोग्य दूत उमंग प्रभारी हर्षिता पुरोहित ने किया।स्कूल का सामानविटामिन और फ्रूड सप्लीमेंट खरीदें

## अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने वालों की धड़पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मिली बडी सफलता : जीरन थाना की कार्यवाही

**नीमच (जीरन)** : माननीय मुख्यमंत्री महोदय म.प्र. एवं श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय मुख्यालय भोपाल, द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम जीरन द्वारा 550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय वाहन पीकअप, मोटर सायकल को जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई थी। उसमें डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार




घटना का संक्षिप्त विवरण- श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ परिवहन करने वालों की धड़पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत जीरन थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में दिनांक 11.09.2025 को वाहन चैकिंग करते हुई पुलिस सहायता केन्द्र के समाने हर्कियाखाल फंटा फोरलेन हाईवे रोड़ पर पायलेटींग कर रही बिना नम्बर कि स्पलेण्डर मोटर सायकल जिस पर दो व्यक्ति बैठे थे व पिकअप क्रमांक एमपी 09 केडी 6519 से 22 प्लास्टीक के कट्टो में 550 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय वाहन के किमती 13 लाख 50 हजार रूपये को जप्त कर एवं एक बिना नम्बर कि स्पलेण्डर मोटर सायकल से पायलेटीगं करने वाले विकास पिता राजूलाल भील उम्र 18 साल निवासी तुर्किया थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर, दिलीप पिता भारतसिह सौधिया राजपूत उम्र 28 साल निवासी तुर्किया थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर को एवं एक पीकअप चालक अजय सिह पिता भोपाल सिह रोधिया राजपूत उम्र 18 साल निवासी रणायरा थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर को गिर किया गया था। आरोपीगण जप्त डोडाचूरा कहा से लाये थे इस संबंध में पुछताछ कि गई। आरोपीयो द्वारा डोडाचूरा भोपाल सिह पिता रघुवीर सिह सौधिया राजपूत निवासी काचरीया कदमाला थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर से लाना बताया गया था। जिसकी तलाश करते दिनांक 12.09.2025 को आरोपी भोपाल सिह को गिरफ्तार किया गया। जिसे माननीय न्यायालय पेश कर पीआर प्राप्त किया जा कर जप्तशुदा डोडाचूरा के संबंध में पुछताछ कि जा रही है।

**नाम आरोपीः-**

भोपाल सिह पिता रघुवीर सिह सौधिया राजपूत निवासी काचरीया कदमाला थाना नारायणगढ जिला मन्दसौर

**सराहनीय कार्य-**

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश यादव थाना प्रभारी व पुलिस सहायता केन्द्र हर्कियाखाल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# नीमच नपा सीएमओ श्रीमती बामनिया ने यात्री प्रतीक्षालय से अतिक्रमण व राठौर पार्क के यहां से गुमटीयाँ हटाने के दिए निर्देश....

**नीमच** ! नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर शहर की सफाई व्यवस्था को सूदृण बनाने के लिए सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ! नियमित भ्रमण के तहत सीएमओ श्रीमती बामनिया सोमवार 15 सितंबर को शहर के प्राइवेट बस स्टैंड व नीमच सिटी क्षेत्र में पहुंची, प्राइवेट बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय में व्यवसाईयों व अन्य व्यक्तियों का सामान रखा देख संबंधित को सामान हटाने की समझाइश देते हुए कहा कि यह जगह यात्रियों के बैठने के लिए है,अगर यहां से समान नहीं हटाया गया तो नगरपालिका द्वारा जप्त कर लिया जाएगा! इसी प्रकार सीएमओ श्रीमती बामनिया ने नीमच सिटी में राठौर पार्क व शहाबुद्दीन बाबा रोड का निरीक्षण करते हुए राठौर पार्क के सामने बंद पड़ी गुमटियों को हटाने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक को शहाबुद्दीन बाबा रोड पर कचरा पाइंट की व्यवस्था सुचारु करने के भी निर्देश दिये! श्रीमती बामनिया ने कुछ स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता पर्यवेक्षक को फटकार लगाते हुए उनके हाजिरी रजिस्टर का भी निरीक्षण कीया और कहा कि अगर किसी भी स्वच्छता पर्यवेक्षक के क्षेत्र में सफाई कर्मी अनुपस्थित पाए गए तो सफाई कर्मचारी के साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ! श्रीमती बामनिया ने प्राइवेट बस स्टैंड पर दुकानदारों को भी अपनी दुकान के बाहर अतिक्रमण न करने और स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहां की दुकान के बाहर अतिक्रमण पाए जाने पर सामान जप्त किया जाएगा और गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जावेगी ! निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक व स्वच्छता निरीक्षक श्री अविनाश घेंघट भी सीएमओ के साथ थे !



# कृषि उपजमंडी परिसर बघाना से चोरी गये नगदी 02 लाख रूपये को 24 घंटे के अंदर जप्त करने में बघाना पुलिस को मिली सफलता

**नीमच** : श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल के द्वारा संपत्ति संबंधी गंभीर अपराधों में तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री नीलेश अवस्थी को नेतृत्व में थाना बधाना पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना प तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कृषि उपजमंडी परिसर बघाना से चोरी गये नगदी 02 लाख रूपये को 24 घंटे के अंदर जमा करने में सफलता हासिल की है।



दिनांक 11.09.2025 को थाना बघाना पर फरियादी मिठ्ठुलाल पिता कालूराम जी जाति जैन उम्र 63 साल निवासी धनेरिया रोड़ गोकूल धाम कालोनी बचाना द्वारा थाना उपस्थित होकर कृषि उपजमंडी परिसर बघाना में खड़ी उनकी टीवीएस वीगो स्कूटी की डिक्की में रखे नगदी 02 लाख रूपये को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर से थाना बघाना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमांक 299/11.09.2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण संपत्ति संबंधी गंभीर प्रकृति का होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार थाना बघाना पुलिस द्वारा तीन अलग - अलग टीम बनायी जाकर तत्काल पतारसी प्रारंभ की गई। मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि सीसीटीव्ही कैमरा के हुलिया अनुसार अज्ञात आरोपी ग्राम बिसलवास रोड बालाजी मंदिर के पीछे अन्य घटना घटीत करने के लिए बैठकर प्लान बना रहे है मुखबीर सूचना त्वरित होने से तुरंत नाकाबंदी कर ग्राम बिसलवास रोड बालाजी मंदिर पर घेराबंदी करते उपरोक्त घटना के सीसीटीव्ही कैमरा में नजर आ रहे हुलिया के तीन व्यक्ति अचानक मोके पर पुलिस को देखकर मोटर सायकल लेकर भागे जिनका घेराबंदी व पीछा करते तीनो व्यक्ति नदी नाला व जंगल के रास्ते से भागने में कामयाब हो गये तथा तीनो व्यक्ति द्वारा हडबडाहट में मोके पर छोडकर भागे थैले को चेक करते थैले के अंदर रखे रूमाल में अंदर नगदी 02 लाख रूपये व फरियादी की फर्म चुन्नीलाल चंपालाल का एयु स्माल फायनेंस बैंक का एकाउंट स्टेटमेंट होना पाया जिस पर से फरियादी मिठ्ठुलाल जैन को मोके पर तलब कर उक्त रूमाल व रूमाल के अंदर नगदी 02 लाख रूपये व स्टेटमेंट का अवलोकन करवाते फरियादी द्वारा दिनांक 11.09.2025 की चोरी की घटना का मश्रुका होना पाया जिसे अपराध सदर में जप्त किया गया। फरार आरोपी 01 विकास पिता सेवकराम निवासी ग्राम मुंगावली हाल. ग्राम कडीया जिला राजगढ

02 प्रशांत पिता पोला निवासी कडिया सांसी जिला राजगढ

03 प्रशांत पिता गणेश निवासी गुलखेडी जिला राजगढ

उक्त आरोपीगण के बारे में जानकारी ली गई जो जिला राजगढ से भी वर्तमान में फरार है और आदतन अपराधी है जिनकी गिरफ्तारी हेतु टीमें रवाना की गई।

**सराहनीय भूमिका** : निरी नीलेश अवस्थी, उनि रामकिशन सिंघावत, प्रआर कमल तिवारी, आर. पंकज पाटीदार, आर. राहुल ढाबी, आर. ओमप्रकाश पारगी, आर. राहुल चंदेल, आर. प्रियांक शर्मा, आर. चेतनसिंह, आर. भरतलाल पाटीदार आर. गिरधारी लाल, आर .नेपालसिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर

**नीमच** । संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ने जानकारी दी कि आगामी 23 नवंबर को विभागीय लेखा परीक्षा यू.आई.टी राजीव गाँधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित की जाएगी। उक्त लेखा परीक्षा में वो प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हो सकते हैं, जिन्होंने लेखा प्रशिक्षण शाला, उज्जैन में नियमित लेखा प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। नियमानुसार जो प्रशिक्षणार्थी पूर्व में एक बार लेखा परीक्षा में उपस्थित होकर अनुर्तीर्ण हो चुके हैं, उनके लिए उक्त लेखा परीक्षा में उपस्थित होने का द्वितीय (अंतिम) अवसर माना जाएगा तथा जो प्रशिक्षणार्थी एक बार भी लेखा परीक्षा में उपस्थित नहीं हुए है, उनके लिए उक्त लेखा परीक्षा में उपस्थित होने का प्रथम अवसर माना जावेगा।अतः समस्त विभागों के कार्यालय प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके या आपके अधीनस्थ कार्यालयों में उपरोक्तानुसार पात्र प्रशिक्षणार्थी हो तो उन्हें उक्त लेखा परीक्षा में उपस्थित होने के सम्बन्ध में सूचित करें। उक्त लेखा परीक्षा का निर्धारित आवेदन पत्र आपको भेजा जा रहा है। उक्त आवेदन पत्र में समस्त जानकारियाँ सत्य हो एवं पूर्ण रूप से भरी होना चाहिए। आवेदन पत्र तीन प्रतियों में आवेदक के फोटोग्राफ को कार्यालय प्रमुख द्वारा हस्ताक्षर कर सत्यापित कर सील लगाना, आवेदन-पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर एवं आवेदन-पत्र पर यथास्थान पर कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर एवं सील लगाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ आवेदक के चाहे गये प्रमाण पत्रों जैसे जाति प्रमाण-पत्र, हिन्दी मुद्रलेखन/सी.पी.सी.टी. प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड इत्यादि की छायाप्रति को कार्यालय प्रमुख द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरना होगा एवं तीनों प्रतियों में आवेदन-पत्र एवं संलग्न प्रमाण-पत्रों को उपरोक्तानुसार सत्यापित कर हस्ताक्षर सहित तैयार कर अनिवार्य रूप से भिजवाना होगा। अतः उपरोक्तानुसार पात्र प्रशिक्षणार्थी के आवेदन पत्रों को उपरोक्त निर्देशानुसार तैयार कर तीन प्रतियों में कार्यालय प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, उज्जैन इस्कॉन मन्दिर के पास, भरतपुरी में आगामी 18 सितम्बर को शाम 05 बजे तक भिजवाना अनिवार्य है। निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र अथवा अपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य किया जाएगा। जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा से वंचित किये जाने की स्थिति में कार्यालय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा / लेखा प्रशिक्षण शाला का उत्तरदायित्व नही होगा ।

# सरकारी स्कूल के 50 विद्यार्थी उद्यमशीलता का लेंगे प्रशिक्षण

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 50 मेधावी विद्यार्थी 22 सितम्बर से उद्यमशीलता रोमांच शिविर में शामिल होंगे। यह शिविर भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित



एनसीईआरटी परिसर के पं. सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान में 26 सितम्बर तक आयोजित होगा। इन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर पर आयोजित वोकेशनल स्किल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। उद्यमशीलता रोमांच शिविर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और उद्यमशील सोच को विकसित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों में व्यावसायिक शिक्षा के विस्तार की सिफारिश की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा देने के विस्तार किया है।

## शिविर की गतिविधियां

उद्यमशीलता रोमांच शिविर में समूह गतिविधियां, सिमुलेशन गेम्स, इस गेम्स के माध्यम से बच्चों को व्यावसायिक मॉडल के माध्यम से नये विचार देने, निर्णय लेने और पूर्वानुमान की क्षमता को विकसित किया जाता है। शिविर में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम से विभिन्न सत्रों में बच्चों को जानकारी दी जायेगी। बच्चों में आत्मनिरीक्षण की प्रवृत्ति को बढ़ाने लक्ष्य निर्धारण और जीवन कौशल विकास के लिये विशेष जानकारी दी जायेगी। यह शिविर बच्चों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने विचारों को परिष्कृत करके स्वयं का उद्यम लगाने के लिये प्रोत्साहित होंगे।

# पुलिस भर्ती तैयारियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करें.... बालिकाओं के लिए नीमच में निःशुल्क प्रशिक्षण संचालित

**नीमच** : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण, उच्च शिक्षा तथा खनिज विभाग के सहयोग से बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना तहत सशकृत वाहिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को पुलिस, सेना, अर्द्ध सैनिक बल भर्ती परीक्षा की तैयारी करवाने श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बालिकाओं को पुलिस, सेना, अर्ध सैनिक बल भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिये विषय ज्ञान प्रति दिन दोपहर 2 बजे से सायं 4.20 तक एवं शारीरिक दक्षता संवर्धन (दौड़ कूद एवं गोलाफेंक) की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा शाम 4.20 से 6 बजे तक करवाई जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने सशक्त वाहिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण पुलिस भर्ती में निर्धारित उँचाई वाली पात्र बालिकाये प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकती है। पुलिस



मुख्यालय गृह (पुलिस) विभाग मध्यप्रदेश शासन अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती चयन परीक्षा 2025 में 7500 आरक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिसमें अधिक से अधिक बालिकायें परीक्षा में सम्मिलित होकर पुलिस आरक्षक की सेवाए प्राप्त कर सकती है। पुलिस भर्ती की तैयारी हेतु आयोजित निःशुल्क सशकृत वाहिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। सशकृत वाहिनी प्रशिक्षण में सम्मिलित होने हेतु अधिक जानकारी के लिए अधीक्षक श्री सुभाष गवई के मोबाईल न.9977088803 से संपर्क किया जा सकता हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला ग्राम आएंगे

**नीमच** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण' अभियान और 'आदि सेवा पर्व', का शुभारंभ करेंगे। साथ ही देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे।

## "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान"


महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में यह अभियान ऐतिहासिक कदम है। अभियान का संचालन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से करते हुए महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता लाने स्वास्थ्य शिविरों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से निवारक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाओं की आपूर्ति करेंगे। दोनों विभागों द्वारा संचालित होने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे वे निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। इस अभियान में महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच भी होगी। अभियान में एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार और मासिक-धर्म स्वच्छता पर जागरूकता अभियान भी चलाएंगे, जिससे महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को समग्र और समन्वित तरीके से पूरा किया जा सके।


## प्रधानमंत्री मित्र पार्क

प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शिलान्यास किये जा रहे पीएम मित्र पार्क का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा। लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 MLD का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 MVA का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं।पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं। यह निवेश उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय लोगों के लिए नए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेगा। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे, जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टेक्सटाइल-हब के रूप में होने लगेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के '5-एफ' विजन के अनुरूप यह पार्क 'फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन की संपूर्ण वैल्यू चैन बनायेगा। किसानों से प्राप्त कच्चा कपास उद्योगों में धागा बनेगा, वहीं से वस्त्र और परिधान तैयार होंगे और यही उत्पाद विदेशों तक जाएंगे। इस तरह पूरी वैल्यू चैन एक ही स्थान पर पूरी होगी। यही इस पार्क की विशिष्टता होगी और अन्य पार्कों के लिये आदर्श बनेगी। 'पीएम मित्र पार्क' से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा। यह अवसर केवल रोजगार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा और स्थानीय बाजारों से लेकर निर्यात तक नई संभावनाएँ पैदा करेगा।आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत "आदि सेवा पर्व" जनजातीय गौरव और राष्ट्र निर्माण के संगम का प्रतीक पर्व होगा। इस दौरान जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल-संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसी सेवा गतिविधियाँ आयोजित होंगी। हर गतिविधि के केन्द्र में सेवा का भाव और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा। इस अभियान में "ट्रायबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्रायबल विलेज विजन 2030" पर विशेष जोर दिया जायेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक गाँव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जायेगा। पर्यावरण सुधार के साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये चलाये जा रहे "एक बगिया माँ के नाम" अभियान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी महिला स्व-सहायता समूह की एक महिला को पौधा भेंट करेंगे। मध्यप्रदेश में अब तक 10 हजार 162 महिलाओं को माँ की बगिया तैयार करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। समूह की महिलाओं को पौधों की सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

## अभिनेता पीयूष चोपड़ा ने सोनू सूद के चेरिटी फाउंडेशन के नाम पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी सहायता





**नीमच**। नीमच के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद चोपड़ा के सुपुत्र और फिल्म अभिनेता पियूष चोपड़ा द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए अपनी माताजी श्रीमती तारा देवी चोपड़ा की पावन स्मृति में सोनू सूद की संस्था सुद चैरिटी फाउंडेशन को नीमच वासियो की ओर से 01 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रेषित की गई है। उल्लेखनीय है कि कोरोना कल में भी मुंबई के फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने नीमच में एकता कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के लिए वहां से आर्थिक सहायता की राशि और सामग्री प्रेषित की गई थी नीमच वासियों ने सोनू सूद के इस प्रेरणादाई पुण्य कार्य के साधुवाद के रूप में उनकी संस्था को उनके गृह क्षेत्र पंजाब में जब बाढ़ और आपदा आई है तब नीमच वासियों की ओर से 01 लाख की नगद सहायता कर एक अभिनव सोगात प्रदान की गई है।

# वर्षो पुरानी हस्तकला रंगाई ओर हेंड प्रिंटर्स का छात्रावास की बालिकाओं ने किया भ्रमण



**जावद**। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं ने तारापुर की वस्त्र छपाई कला देखा एव समझा छात्रावास की वार्डन श्रीमती गीता सेन ने छात्रावास की 85 छात्राओं को गीता हैंड प्रिंटर्स की यूनिट का विजिट करवाया। इस अवसर पर श्रीमती सेन ने बनवारी झरिया को साल श्रीफल से सम्मानित किया और कहा कि आपने हमारे देश की पारंपरिक कला अभी तक संजोए रखा है इसलिये आपका एव आपके यूनिट के प्रत्येक कारीगर तारीफ़ एव सम्मान तो होना ही चाहिये । वही नेशनल अवार्डी पवन झरिया ने लुप्त होती नाँदना प्रिंट कला के बारे में सभी लड़कियों को पूरी जानकारी दी । यह कला एक लंबी प्रक्रिया से गुजरती है 18 स्टेप में कपड़ा निकलता है एव 40-45 दिन का समय लगता है। तारापुर क्लस्टर में ठप्पा छपाई में 6-7 प्रकार छपाई होती है और सभी में नेचरल कलर का उपयोग होता है जो पहनने वाले के लिए स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है साथ ही गांव के कई परिवार को रोज़गार भी मिल रहा है। झरिया भाइयो ने अभी तक सेकड़ो स्टूडेंट्स को ब्लॉक प्रिंटिंग की जानकारी दी एव सिखाया है। बनवारी झरिया ने बताया है की नाँदना प्रिंट कला को पुनर्जीवित करने का प्रयास हम कर रहे हैं यदि सरकार एव शासन सहयोग करे तो यह पुनः स्थापित हो सकती है । तारापुर की नांदना प्रिंट कला को लुप्त होने से बचाने में लगा झरिया परिवार 400 वर्षों पुरानी परंपरा नांदना प्रिंट को पुनः स्थापित करने के प्रयास छपाई के प्रकार नाँदना प्रिंट, अलीज़रीन प्रिंट,इंडिगो दाबू, कशिश दाबू,पुरु प्रिंट, ईको प्रिंट, दाबू अनार प्रिंट, तारापुरप्रिंट

# नोडल अधिकारी ग्रामों का भ्रमण कर, सेवा पखवाड़ा का सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें- चंद्रा

## कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में की पोषण माह एवं सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा



**नीमच**। प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी आज 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा हैं। इस अभियान के शुभारंभ कार्यकम का जिला, ब्लाक सभी स्वास्थ संस्थाओं, आंगनवाडी केंद्रो में सीधा प्रसारण किया जावेगा। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जिला अधिकारियों की बैठक में सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, एस.डी. एम.बी.एस.कलेश, सभी एसडीएम एवं जिला जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### सेम एवं मेम श्रेणी के सभी बच्चों को फूड बास्केट उपलब्ध कराएं

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सभी जिला नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे आवंटित ग्राम पंचायतों का भ्रमण करें और सेवा पखवाड़ा तथा पोषण माह के तहत गतिविधियों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होने पोषण माह के तहत सेम एवं मेम श्रेणी के सभी बच्चों के फूड बास्केट (सुपोषण कीट) जन सहयोग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा, कि वे स्वयं एक आंगनवाड़ी को गोद लेगें। उन्होने जिला अधिकारियों ब्लॉक अधिकारियों से कहा कि वे भी एक-एक आंगनवाडी गोद ले और आंगनवाडी केंद्रो का रिनोवेशन करवाएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्डया ने पोषण माह के तहत जिले में आंगनवाडी स्तर पर आयोजित गतिविधियों, विभिन्न विभागों से अपेक्षित सहयोग आदि के बारे में विस्तार से बताया।

# पॉक्सो एक्ट एवं मौलिक अधिकारों के बारे में स्कूली बच्चो को दी जानकारियां



**नीमच**। नुतन विद्यालय नीमच में सोमवार दिनांक 15/9/ 2025 को पॉक्सो एक्ट एवं मौलिक अधिकारों के बारे में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे किशोर न्याय बोर्ड नीमच की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता मैडम एवं सदस्य सुश्री ज्योति बेंस एवं विश्वास खंडेलवाल द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पोक्सो अधिनियम) के विषय पर जानकारी देते बताया कि पोक्सो अधिनियम 2012 भारत का एक कानून है जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण और यौन हमलों से बचाना है। यह 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे पर लागू होता है, भले ही वह लड़का हो या लड़की, और उन्हें यौन उत्पीड़न, बाल पोर्नोग्राफी और अन्य संबंधित अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। वर्ष 2012 में पॉक्सो कानून के लागू होने के बाद वर्ष 2020 में पॉक्सो अधिनियम में कई अन्य संशोधन के साथ ऐसे अपराधों में मृत्युदंड की सजा का प्रावधान किया गया है। बालकों को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्तियों के बहकावे में बालक न आए। इस एक्ट में बचाव के साथ-साथ प्रतिकार धनराशि का भी नियम है। अपराध सिद्ध होने पर अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा भी दी जाती है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार एवं बाल विवाह के संबंध में भी कानूनी जानकारी दी। इस एक्ट की आवश्यकता क्यों पड़ी, एक्ट कब बना आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 का प्रयोग कैसे करना है आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस कानून के तहत ऐसे अपराधों के लिए विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं, जिससे बच्चों को तेजी से न्याय मिल सके एवं एनडीपीएस जैसे महत्वपूर्ण एक्ट के बारे में बालकों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# नई अफीम नीति को लेकर किसानों ने सांसद सुधीर गुप्ता का किया आत्मीय स्वागत

## किसानों का सर्वांगीण विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता - सुधीर गुप्ता

**मंदसौर/नीमच**। केंद्र सरकार द्वारा अफीम किसान नीति 2025 26 को लेकर अफीम किसानों ने सांसद सुधीर गुप्ता का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के अफीम काश्तकार सुधीर गुप्ता के मंदसौर स्थित सांसद सेवा केन्द्र पहुंचे और उनका साफा बांध व पुष्पहारों से स्वागत किया। इस वर्ष नई अफीम नीति से किसानों में हर्ष का माहौल है और इसके लिए सीतामउ, सुवासरा, शामगढ़, भानपुरा, गरोठ, नीमच, मनासा, जावद, सिंगोली, रतनगढ़, बूढ़ा, टकरावद, बादपुर, दलौदा सरवानिया, एलची क्षेत्रों सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान के किसानों भी सांसद सेवा केन्द्र पहुचे और सांसद सुधीर गुप्ता का स्वागत किया। इस पर सांसद सुधीर गुप्ता सभी किसानों का आभार प्रकट किया और कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा खड़ी है। केन्द्र की मोदी सरकार लगातार किसानों के हक में निर्णय ले रही है। इस बार अफीम नीति में किसानों के द्वारा दिए सुझावों को भी सम्मिलित किया गया। जिसका लाभ नई अफीम नीति में किसानों को मिलेगा। इसी के साथ ही अफीम नीति जल्द घोषित होने का लाभ भी किसानों को मिलेगा। उन्है तैयारियां पूरी करने का पर्याप्त समय मिलेगा। सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# जीरन पुलिस ने हुण्डई केंटा कार से 182 किलो डोडाचूरा जप्त कर एक आरोपी किया गिरफ्तार



ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट

**जीरन।** थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम चीताखेडा द्वारा हुण्डई कंपनी की बीना नंबर की केटा कार से परिवहन किया जा रहा 182 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त कर 01 तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी अनुसार पुलिस थाना जीरन को दिनांक 15.8.2025 को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के परिवहन के संबंध में मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सुचना पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए जीरन चीताखेडा रोड पर नाकाबन्दी हुण्डई कंपनी की बीना नंबर की बेटा कार से परिवहन किया जा रहा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा काले रंग के 10 कट्टों में भरा कुल वजनी 182 किलोग्राम के साथ आरोपी संदीप जाट पिता हीरालाल जाट उम्र 35 साल जाति जाट निवासी नंगाखेडी थाना बडी सादडी जिला चित्तोडगढ राजस्थान से जप्त कर आरोपी को गिरफतार किया आरोपी के विरूद्ध अपराध पजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आरोपी से डोडाचुरा के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

## मलेरिया रोकथाम हेतु गम्बूसिया मछली छोड़ी गई

**मंदसौर** । जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि, मलेरिया इलीमिनेशन ड्राइव कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें 2030 तक मलेरिया इलीमिनेशन का लक्ष्य रखा गया। जिसके अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण हेतु गम्बूसिया मछली मंगाकर जिले के विभिन्न अस्थाई एवं स्थाई जल स्त्रोतों में छोड़ी गई है। गम्बूसिया मछली मच्छरों के लार्वा भक्षण करने रोग नियंत्रण में सहायक है। इस हेतु मलेरिया विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाकर जिले में 45000 हजार लार्वा भक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है। जिसमे मंदसौर शहरी क्षेत्र में - नरसिहंपुरा क्षैत्र शा.मा.वि. के पास कुएं में, सीमेंट पाइप फैक्ट्री के पानी में, कोर्ट परिसर की बावड़ी में, धोबी घाट पर, एवं मंदसौर जिले के 05 विकासखंड - मल्हारगढ, धुंधड़का, सीतामऊ, मेलखेड़ा व संधारा में छोडी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गम्बूसिया मछली पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना मच्छरों के लार्वा का भक्षण कर जाती है। यह जैविक नियंत्रण के अंतर्गत आता है।

# विधायक सखलेचा ने ग्राम पंचायतो की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सभी पंचायतें पीड़ित परिवारों को अंत्येष्टि सहायता का समय पर नगद भुगतान सुनिश्चित करे -विधायक सखलेचा



**नीमच** ग्राम पंचायत मोरवन पर आयोजित जनपद स्तरीय सेक्टर बैठक में जावद क्षेत्र की 3 सेक्टर की 36 ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिवों की आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि जावद क्षेत्र में किसी भी पात्र परिवार में अगर किसी की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है ,तो शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव, पीड़ित परिवार को तत्काल 5000 की अंत्येष्टि सहायता का नगद भुगतान करना सुनिश्चित करे।यह संबंधित की जवाबदारी हैं। उन्होंने कहा, कि ग्राम पंचायतों में जीर्णशीर्ण भवनों को तत्काल डिस्मेंटल घोषित कराए ,ताकि उनके स्थान पर नए भवन बनाये जा सके । ग्राम पंचायतों मे स्वीकृत डोम निर्माण के कार्य गुणवत्तापूर्ण स्थिति में समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। बैठक में जावद अनुविभागीय अधिकारी व प्रभारी सी.ई.ओ. श्रीमती प्रीति संघवी , श्री अर्जुन माली, विभागीय अधिकारी व सरपंच सचिव सहायक सचिव उपस्थित थे। यह जानकारी प्रभारी पंचायत इंस्पेक्टर व पी.सी.ओ श्री हँसराज बोहरा ने दी है।

# ज्ञानोदय इन्टरनेशनल विद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया

**नीमच** । ज्ञानोदय इन्टरनेशनल विद्यालय में दिनांक 15-09-2023 को इंटरनेशनल स्कूल की जूनियर विंग में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पाठ कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने अलग विषय जैसे पेड़ लगाओ, पानी बचाओ, हिंदी भाषा का महत्त्व आदि बहुत सुंदर प्रस्तुतियाँ दी, कार्यक्रम में पधारे अतिथिगण श्रीमती ममता गर्ग व श्रीमती पंकज ढींग ने बच्चों की प्रस्तुति को बहुत सराहा व उन्होंने भी बहुत सुन्दर कविता सुनाई और हिंदी भाषा का महत्त्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय में अंतर्सदनीय हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े ही मनमोहक वातावरण में अपनी-अपनी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्था की निर्देशिका डॉ. गरिमा चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहाँ अलग-अलग धर्म, संस्कृति और भाषाएं एक साथ मिलकर एकता का उदाहरण पेश करती हैं। इन्हीं में से हिंदी वह भाषा है, जो पूरे देश को जोड़ने का काम करती है। हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा की आत्मा है। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला था। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। हिंदी दिवस हमें हमारी मातृभाषा के प्रति गर्व और उसका सम्मान बनाए रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया।







# बॉर्डर से फौजी भाई को आई बहनों की याद सभी बच्चों के लिए लाया उपहार और प्यार भरा स्नेह संदेश







ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट

**जीरन।** जीरन को धार्मिक नगरी के साथ साथ देश की रक्षा करने वाले सैनिक नगरी के नाम से भी जाना जाता हैं जहां से सैकड़ो सैनिक तैयार होकर देश की सेवा में लगे हुए हैं वह कई सैनिक अपनी कर्तव्यनिष्ठ नौकरी कर ससम्मान वापस जीरन में आकर कहीं अच्छे कार्य कर रहे हैं जीरन नगर से प्रतिवर्षानुसार युवा प्रगति पाठशाला व जन कल्याण फाउंडेशन जीरन सैनिक पाठशाला की ओर से फौजी भाइयों को रक्षा सूत्र और स्नेह संदेश भेजे गए जिसमें बॉर्डर पर तैनात फौजी भाई रक्षा सूत्र और स्नेह संदेश पाकर बहुत खुश हुए व बॉर्डर तैनात सभी साथियों ने मिलकर सैनिक अनिल कुमार विश्नोई को आज जीरन की सभी छत्रोंओ के लिए उपहार और प्यार भरा संदेश सभी बच्चों के साथ अपने विचार व्यक्त किए और विश्वास दिलाया कि हम आपकी रक्षा के लिए हमेशा तैयार हैं भारत माता की जय, वंदेमातरम् ,जय जवान जय किसान जयकारो के साथ अपनी खुशियां जाहिर की संस्था के अध्यक्ष द्वार उनका आभार व्यक्त किया गया और आगे भी इसी प्रकार के प्रेरणादायक कार्यों के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की संस्था द्वारा।समय-समय पर जनकल्याण व युवाओं की प्रगति के लिए कार्य करती रहती जो सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है संस्था के उपध्याक्ष रवि कुमार पंड्या ने बताया की जीरन को सैनिक नगरी कहा जाता है सैनिकों के सम्मान में उनकी भावनाओं को देखते हुए यह स्नेह संदेश, रक्षाबंधन को उत्सव के तौर पर मनाया जाता है और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।


# हरित क्रांति अभियान में 14500 सीड बाल का बीजारोपण किया




**नीमच।** सीड बॉल हरित क्रांति अभियान के अंतर्गत 14,500, सीड बाल का बीजारोपण नीमच क्षेत्र में किया गया है। जिसमें क्रमशः लगभग 4000 सीड बॉल (बीज की गेंद) जिसमें नीम,जामुन, पीपल, शीशम, इमली, चरल, आदि फलदार एवं छायादार पेड़ के सीड बॉल नीमच सिटी रोड मुक्ति धाम एवम आस पास के नाले नदी के किनारे के पास एवं कंटीली झाड़ियों के अंदर, मंदिर के बगीचे में, हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे नीमच एवम आस पास के क्षेत्र में शुद्ध ऑक्सीजन फैलाने के लक्ष्य को पूरा कर रहे हैं। इस अभियान में सीड बॉल एवं छायादार फलदार पौधे बस स्टेंड मुक्ति धाम में लगाए इस अवसर पर वैकुंठ धाम निर्माण समिति के अध्यक्ष आतीश तोतला, राजेंद्र जारोली, प्रदीप खंडेलवाल,सुधीर अग्रवाल, पारस ओसवाल एवम मनोकामना महादेव मंदिर के अध्यक्ष शिव माहेश्वरी, दिलीप छाजेड़, प्रवीण शर्मा, प्रमोद शर्मा, लकड़ी मंडी साहिल शर्मा, गज्जू, शिव नारायण शर्मा, प्रकाश प्रजापत ,रमेश जायसवाल, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, घनश्याम महावार, मनोज राठौर, कन्हैयालाल कुमावत,वीरेंद्र सोनियाणा आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार हार्कियखाल डेम पर 5500 सीड बॉल उगाएं। इस अवसर पर गुरुजी लक्ष्मी नारायण शर्मा हार्कियखाल बालाजी मंदिर, समाजसेवी संतोष चोपड़ा नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती गौरव चोपड़ा, पार्षद रामचंद्र धनगर आलोक सोनी, विनीत पाटनी, रूपेंद्र लॉक्स ,अरुण प्रजापति दक्षिण मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर लकड़ी मंडी संघ अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा कोकु, नगर पालिका अधिकारी टेकचंद, महावीर जैन व नगर पालिका स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित थे। पौधारोपण एवं 5000 नीम जामुन इमली गुलमोहर खेजड़ी के सीड बॉल स्थापित करने का कार्यक्रम नीमच सिटी रामपुरा दरवाजा मुक्तिधाम पर किया गया जिसमें विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू,मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष विजय बाफना, लकड़ी मंडी अध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा कोकू भईया, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, किशोर दास बैरागी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, अशोक शर्मा पार्षद राकेश किलोरिया, रामचंद्र धनगर , विनीत पाटनी, घनश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रवीण अरौंदेकर, दीपक शर्मा एवं नीमच सिटी के विभिन्न नागरिक उपस्थित थे। वन विभाग एसडीओ दशरथ अखण्डा, डिप्टी रेंजर रमेश प्रजापति, बाग बगीचा शाखा प्रभारी महावीर जैन उपस्थित थे।

# कूनो नेशनल पार्क में जंगल की जंग! तेंदुए-चीते की भिड़ंत में मादा चीते की मौत, पहली बार हुआ ऐसा हादसा

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. यहां पहली बार तेंदुए और चीते के बीच जोरदार भिड़ंत हुई, जिसमें एक युवा मादा चीते की मौत हो गई. यह घटना हर किसी को हैरान कर देने वाली है, क्योंकि कूनो में अफ्रीका से लाए गए चीतों के लिए यह पहली बार है जब किसी जंगली जानवर से उनकी सीधी टक्कर हुई और नतीजा इतना दुखद निकला.



## वन विभाग ने दी जानकारी

वन विभाग की जानकारी के मुताबिक, यह हादसा उस वक्त हुआ जब मादा चीता जंगल के एक हिस्से में घूम रही थी. तभी उसका आमना-सामना एक तेंदुए से हो गया. दोनों ही शिकारी अपनी-अपनी ताकत और इलाके पर राज जताने के लिए भिड़ गए. लड़ाई इतनी खतरनाक थी कि आखिरकार चीते को अपनी जान गंवानी पड़ी. हालांकि इस हादसे के बाद लोग यह सवाल जरूर उठा रहे हैं कि क्या कूनो नेशनल पार्क चीतों के लिए सुरक्षित है? इस पर अधिकारियों का कहना है कि प्रोजेक्ट पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा. अभी पार्क में 25 चीते मौजूद हैं और सभी की निगरानी की जा रही है. अफ्रीका से लाए गए इन चीतों को भारत की जमीन पर बसाने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए हैं और यह प्रोजेक्ट दुनिया भर में चर्चा का विषय रहा है.

## 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट'

विशेषज्ञों का मानना है कि जंगली इलाकों में इस तरह की घटनाएं असामान्य नहीं हैं. जंगल में 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' का नियम चलता है, जहां हर जानवर अपने इलाके और शिकार की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है. तेंदुआ और चीता दोनों ही शिकारियों की लिस्ट में आते हैं, लेकिन ताकत और अनुभव के मामले में तेंदुआ अक्सर भारी पड़ जाता है. लोगों में अब यह डर भी है कि अगर ऐसी घटनाएं दोबारा होती रहीं, तो चीतों की संख्या पर असर पड़ सकता है. हालांकि फिलहाल अधिकारियों ने साफ किया है कि बाकी चीतों पर पूरी नजर रखी जा रही है और उनकी सुरक्षा को लेकर हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं.

# युवा संगम आई.टी.आई.मनासा में 19 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन

**नीमच।** शासकीय आई.टी.आई. मनासा में 19 सितम्बर शुक्रवार को युवा संगम(रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेला) कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध है। इच्छुक बेरोजगार युवक, युवरियां कार्यक्रम में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकतें है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती कमला चौहान ने बताया , कि युवा संगम कार्यक्रम में जिले की प्रतिष्ठित एवं निजी तथा बाहर की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। भर्ती कंपनी द्वारा अपनी शर्तो पर की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए अपनी सी.वी., रिज्यूम की कॉपी साथ युवा संगम कार्यक्रम में उपस्थित हो।

# इंदौर में बेकाबू ट्रक ने लोगों को कुचला, 2 की मौत, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने कई लोगों को टक्कर मार दी जिसमें 2 व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना के बाद ट्रक में आग लग गई जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ट्रक एयरपोर्ट से बड़ा गणपति की ओर आ रहा था और स्कूटर को घसीटने के कारण उसमें आग लग गई।




इंदौर में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां एक शहर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रक ने कई लोगों को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में 2 व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक में आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह ट्रक एयरपोर्ट से बड़ा गणपति की ओर आ रहा था। वह स्कूटर को घसीटकर ले गया, इस वजह से ट्रक में आग लग गई।

## कई लोग हुए घायल

इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की भी खबर समने आई है। घायलों को बठिया अस्पताल, एमवायएच और मेट्रो हॉस्पिटल भेजा गया है।

## ऐसे हुआ हादसा

यह दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक नियंत्रण खो दिया और एक अस्पताल के पास एक व्यस्त मार्ग पर कई ई-रिक्शा सहित कई वाहनों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ने कई लोगों और वाहनों को अंधाधुंध टक्कर मारी। एक मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस गई और घर्षण के कारण उसमें आग लग गई, जो तेजी से फैल गई और ट्रक को भी अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस और दमकल की टीमें आग पर काबू पाने और बचाव अभियान चलाने के लिए मौके पर पहुंची। घायलों को गीतांजलि अस्पताल ले जाया गया, जहां स्थानीय निवासी भी मदद के लिए आगे आ रहे हैं। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं और हताहतों की सही संख्या पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं।



## रतलाम में भी हुआ बड़ा हादसा

मध्यप्रदेश के रतलाम में भी एक बड़ी दुर्घटना घटी, जहां एक ट्रक के 8 लेन राजमार्ग पर पुल की रेलिंग से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना जौरा कस्बे के पास हुई। औद्योगिक थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि रेलिंग से टकराने के बाद चुकंदर से लदे ट्रक का केबिन पुल के नीचे गिर गया और पिछला हिस्सा लटकता रहा। आशिक और इरफान नाम के दो लोगों की मौते पर ही मौत हो गई। घायल एक व्यक्ति को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन लोग केबिन में फंस गए थे और उन्हें बाहर निकालने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया। घटना की आगे की जांच जारी है।

## नशे में था ड्राइवर

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय ट्रक चालक बुरी तरह नशे में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और प्रारंभिक जांच में शराब के नशे की पुष्टि हुई है। एसडीआरएफ और एम्बुलेंस सहित आपातकालीन टीमों ने घायलों को MYH और चोइथराम अस्पतालों में पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। एक पीड़ित की हालत गंभीर बताई जा रही है। क्षेत्र में यातायात रोक दिया गया है और बचाव कार्य जारी है। पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण भी कर रहे हैं।

# MBBS, BDS से कम नहीं है इन मेडिकल कोर्सेस की वैल्यू लाखों की कमाई के लिए आप भी ले सकते हैं डिग्री

भारत में मेडिकल शिक्षा को MBBS या BDS से जोड़ा जाता है. बायोलॉजी स्ट्रीम से 12वीं करने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं. हालांकि, सीमित सीटों की वजह से कई स्टूडेंट्स का सपना अधूरा रह जाता है. हर साल लाखों स्टूडेंट्स एमबीबीएस/बीडीएस की प्रवेश परीक्षाएं देते हैं, लेकिन सभी सफल नहीं हो पाते हैं. इसीलिए अब मेडिकल क्षेत्र के वैकल्पिक कोर्स भी काफी प्रचलित हो रहे हैं. ये वैकल्पिक मेडिकल और हेल्थकेयर कोर्स न सिर्फ भारत में, बल्कि विदेशों में भी डिमांड में हैं. हेल्थकेयर सिस्टम में बढ़ते प्रेशर के कारण नर्सिंग, पैरामेडिकल, फिजियोथेरेपी जैसी फील्ड्स में एडमिशन लेने वालों की संख्या बढ़ रही है. साथ ही आयुष (BAMS, BHMS, BUMS आदि) की मांग भी बढ़ रही है क्योंकि लोग प्राकृतिक उपचारों की तरफ लौट रहे हैं. इस तरह के मेडिकल कोर्स रिसर्च में काम करने और हॉस्पिटल या वेलनेस सेंटर शुरू करने जैसे कई अवसर प्रदान करते हैं.

## डिमांड में हैं वैकल्पिक मेडिकल कोर्स

अगर आपको MBBS या BDS में एडमिशन नहीं मिल पाया है तो भी परेशान होने की जरूरत नहीं है. इसका यह मतलब नहीं है कि आप मेडिकल की दुनिया से बाहर हो गए हैं. वैकल्पिक चिकित्सा विकल्प (Alternative Medical Courses) की फीस एमबीबीएस और बीडीएस की तुलना में कम होती है और कॉम्पिटीशन लेवल भी कम होने की वजह से आसानी से एडमिशन मिल जाता है. हॉस्पिटल और वेलनेस सेंटर में नर्स, पैरामेडिक्स, फिजियोथेरेपिस्ट, हर तरह के टेक्नीशियन और थैरेपिस्ट की मांग हमेशा रहती है.

## वैकल्पिक मेडिकल कोर्सेस में एडमिशन क्यों लें?

एमबीबीएस और बीडीएस BDS की सीटों पर हाई कटऑफ और कॉम्पिटिशन का लेवल ज्यादा होता है. वैकल्पिक मेडिकल कोर्स कम अवधि में पूरे होते हैं और इनकी फीस भी कम होती है.हॉस्पिटल, वेलनेस सेंटर्स, रिसर्च और वैकल्पिक चिकित्सा क्षेत्रों में करियर के अच्छे अवसर होते हैं.

## 1. आयुष कोर्सेस

इसमें आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और नैचुरोपैथी/योग विज्ञान जैसे विषय शामिल हैं. ये परंपरागत और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां हैं. दुनियाभर में इनका मान बढ़ रहा है. इसकी पढ़ाई करने पर BAMS, BHMS, BUMS आदि डिग्रियां मिलती हैं. हॉस्पिटल और वेलनेस सेंटर्स में प्रैक्टिस के अवसर मौजूद हैं.

## 2. फिजियोथेरेपी (BPT)

फिजिकल रिवाइवल, सर्जरी के बाद की रिकवरी, खेलों से चोट आदि मामलों में फिजियोथेरेपिस्ट की जरूरत बढ़ रही है. फिजियोथेरेपी कोर्स उन मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए अच्छा विकल्प है, जो फिजियोलॉजी और व्यायाम विज्ञान में रुचि रखते हैं.

## 3. फार्मेसी (B.Pharma)

बीफार्मा कोर्स करके दवाओं के निर्माण, शोध, क्लीनिक फार्मेसी आदि क्षेत्रों में काम मिल सकता है. इसमें फार्मा इंडस्ट्री में नौकरी के साथ-साथ अपनी फार्मेसी खोलने का अवसर भी है. ड्रग डेवलपमेंट और क्लीनिकल ट्रायल्स वाले क्षेत्रों में भी स्कोप ज्यादा है.

## 4. नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्सेस

नर्सिंग हेल्थसर्विस सेक्टर की रीढ़ है. हॉस्पिटल, क्लीनिक, इमर्जेंसी हेल्थ डिपार्टमेंट में इन प्रोफेशनल्स की मांग बहुत ज्यादा है. लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया टेक्नोलॉजी जैसे पैरामेडिकल फील्ड्स की डिमांड भी बहुत ज्यादा रहती है.

## 5. ऑक्यूपेशनल थेरेपी एंड स्पीच थेरेपी

बोलने में असमर्थ बच्चों, विकलांगों, विकास संबंधी अक्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए ये कोर्सेस महत्वपूर्ण हैं. स्कूलों, रिहैबिलिटेशन सेंटर्स और निजी प्रैक्टिस में काम के अवसर मिलते हैं.



## 6. फॉरेंसिक साइंस और मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी

अगर क्राइम इनवेस्टिगेशन, कानूनी प्रक्रियाओं और डीएनए परीक्षण आदि में रुचि है तो फॉरेंसिक साइंस बेस्ट है. मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में करियर विकल्प बेमिसाल हैं- नई दवाएं, वैक्सीन, जैव तकनीक में काम करना.

## व्यापक जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ करें-चंद्रा

### कलेक्टर ने रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण स्थल का मौके पर जायजा लिया



**नीमच** कलेक्टर  हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को दोपहर में रेल्वे स्टेशन के समीप मण्डी से बघाना छोटी सादडी मार्ग, रेल्वे फाटक पर सेतु निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण के स्थल का मौके पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने सेतु निगम के अधिकारियों को रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ करने और रेल्वे ओव्हर ब्रीज के निर्माण में व्यापक जन सुविधाओं, सुगम आवागमन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा, कि रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण में इस बात का विशेष ध्यान रखे, कि रेल्वे स्टेशन, बघाना से नीमच शहर व शहर से बघाना आने जाने वाले वाहनों, नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा ना हो। कलेक्टर ने रेल्वे फाटक, स्टेशन रोड़, मण्डी के सामने और राज पैलेस मार्ग का निरीक्षण किया तथा रेल्वे ओव्हर ब्रीज निर्माण के प्रस्तावित नक्शे का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने सेतु निगम के अधिकारियों को ले आउट, लाईन डालकर निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ करवाने के निर्देश भी दिए।इस मौके पर एसडीएम श्री सजीव साहू, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, तहसीलदार श्री संजय मालवीय, उपयंत्री न.पा.श्रीमती अन्नु सोलंकी सहित सेतु विकास निगम के इंजीनीयर्स एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# रतनगढ में वन कर्मियों ने मक्का के खेत से लगभग 7 फीट लंबे अजगर का किया रेस्क्यू

## वन कर्मियों द्वारा रेस्क्यू कर पकडे गये अजगर को जीवित अवस्था में सुरक्षित जंगल मे ले जाकर छोड़ा गया

ब्यूरो रिपोर्ट- निर्मल मूंदड़ा

**रतनगढ़**। नगर मे गुंजाली नदी के पास स्थित एक खेत पर दिनांक 16 सितंबर 2025 मंगलवार को खेत पर काम कर रहे मजदूरों को एक अजगर के दिखाई दिये जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग जावद वन परिक्षेत्र के वन कर्मियों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणो की मदद से बड़ी मशक्कत से अजगर का रैस्क्यू कर उसे पकड़ कर सुरक्षित जंगल मे ले जाकर छोडा गया। तब जाकर भयभीत किसान एवं ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 16 सितंबर 2025 शुक्रवार को रतनगढ स्थित वन विभाग कार्यालय जावद पर कृषक की सूचना पर जिला वन मंडलाधिकारी एस.के. अटोदे नीमच एवं उपवन मंडलाधिकारी दशरथ अखंड के दिशा निर्देश एवं कुशल मार्गदर्शन में एवं वन परिक्षेत्राधिकारी विपुल प्रभात करोरिया जावद के दिशा निर्देशानुसार, वन परिक्षेत्र सहायक रतनगढ वन विभाग टीम से अंतिम हरित वन विभाग की टीम के साथ खेत पर पहुंचे एवं अजगर का रेस्क्यू किया। विस्तृत जानकारी के अनुसार स्व.जगदीश चंद्र, कृष्ण गोपाल लढा के खेत से लगभग 07 फीट लंबे विशालकाय अजगर के आ जाने पर खेत पर मौजूद मजदूरो मे दहशत का वातावरण निर्मित हो गया।ग्रामीणो की मदद से वन विभाग के रैस्क्यू दल द्वारा बड़ी मशक्कत के पश्चात मक्का के खेत में छिपे अजगर को पकड़ा गया एवं स्वस्थ व जीवित



अवस्था में जंगल में ले जाकर छोड़ा गया। इस दौरान वन विभाग द्वारा किए गए विशाल काय अजगर के रेस्क्यू टीम में वन परिक्षेत्र सहायक रतनगढ अंतिम हरित  वनरक्षक भंवरलाल धनगर, वाहन चालक व सुरक्षा श्रमिक राहुल सोनी एवं दीपक प्रजापत सहित स्थानीय युवा श्यामसिंह राजपूत, शुभम सोनी, लाखनसिंह राजपूत सहित अन्य ग्रामीणो का सराहनीय योगदान रहा।

# नीमच सिटी पुलिस ने मुखबीर सूचना पर ईको कार से 96 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त किया

## आरोपी पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार



**नीमच**। थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक विकास पटेल के नेतृत्व मे पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा कार्यवाही कर अवैध डोडाचूरा का परिवहन करते एक ईको कार मय डोडाचूरा के पकडने में सफलता प्राप्त की है व ईको कार चालक आरोपी की तलाश जारी है। दिनांक 15.09.2025 को बोरखेडी पानेरी एवं टोल टेक्स के बीच पूर्व से लगे स्टापर को रोड पर लगाकर थाना नीमच सिटी स्टाफ व पंचो द्वारा मुखबीर सुचना पर कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी की गयी। बाद नाकाबंदी के करीब 20 मिनिट बाद बोरखेडी पानेरी तरफ से एक सफेद रंग की इको कार जिस पर एम.पी. 09/डब्ल्यू.एम. 2067 की नंबर प्लेट लगी थी के चालक ने पुलिस की नाकाबंदी देखकर कार को एक दम मोडकर वापस बोरखेडी पानेरी की तरफ भागा जो पंचानो व फोर्स की मदद से वाहन का पीछा किया गया। ईको कार चालक वाहन को पिपल्या नाथावत एवं झालरी के बिच पुलिया के पहले खेत कुए की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर छोडकर भाग गया। बाद ईको कार जिस पर एम.पी. 09/डब्ल्यू. एम. 2067 की नंबर प्लेट लगी खडी मिली जिसकी फाटक खुली होकर गाडी में चाबी लगी है तथा फोर्स के द्वारा आस पास खेतो में चालक की तलाश करते कोई भी नहीं मिला। आरोपी वाहन चालक काफी चुस्त व चालाक होकर इको कार को छोडकर वहा से भाग गया। गाडी की फाटक एंव पीछे डिक्की खोलकर देखते गाडी में साडी का एक कटटा तथा पीछे डिक्की मे दो काले रंग के प्लास्टिक के कटटे भरा हुआ कुल 96 किलोग्राम डोडाचुरा मय ईको कार क्र एम.पी. 09/डब्ल्यू.एम. 2067 को जप्त किया जाकर मौके पर की गई कार्यवाही पूर्ण कर, थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया बाद आरोपी ईको कार चालक व अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के स्त्रोतो के संबंध मे तलाश की जा रही है।

### मुखबिर सूचना के बाद भी आरोपी फरार :-

नीमच सिटी पुलिस ने डोडाचुरा तस्कर पकड़ने के लिए अपने प्रेस नोट में बताया कि मुखबीर की सूचना पर उन्होंने कार्यवाही की। अब सोचने वाली बात यह है कि मुखबीर सूचना के बाद कहीं ना कहीं पुलिस की कोई कमी की वजह से आरोपी को मौका मिला और वह मोके से फरार हो गया। ऐसे में नीमच जिले में वर्षो से पदस्थ अलग अलग थानों में समय बिताने वाले पुलिस कर्मियों की कार्य प्रणाली भी शंका के घेरे में आती है। क्योंकि डोडाचूरा तस्करो से भिड़ने वाले अनुभवी कर्मियों के हाथ से तस्करो का बचकर निकलना आम बात हो गयी है।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई -93 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच**। कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई करते हुए 93 आवदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।जनसुनवाई में मोरवन के देवीलाल, जयसिहपुरा के अर्जुनलाल, किशनपुरा की प्यारीबाई, नयागांव के पुनियॉं, पानोली की गीताबाई, मालगढ की मानकुंवर, कुकडेश्वर के भेरूलाल, जगेपुर मीणा के उदयराम, कदवासा के कैलाशचंद्र, रावणरूण्डी की मनीषा, नीमच के अब्दुल गफूर, रामपुरिया की ममता, सिंगोली की सलमा बी, खजूरिया के रामचंद्र, बमोरा की राधा, नीमच सिटी के सद्दीक कुरैशी, नयागांव के सत्तु धाकड, भोलाराम कम्पाउण्ड नीमच की कमलाबाई, रेवली देवली के शांतिलालने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह अरनिया कुमार बघाना की यशोदाबाई, नयागांव के राजू, नीमच की मंजूर खान, निलिया के दिलीप, रेवली देवली के विष्णु, नीमच की बच्चीबाई, नीमच केंट की श्रीमती खेरून बाई, कोटडी इस्तमुरार के निर्भयसिह,




जमुनिया कलां के नंदलाल, रेवली देवली के कैलाशचंद्र, पड़दा के श्यामसुंदर, सावन के प्रकाश, कुकडेश्वर के राजेश कुमार, जमुनिया खुर्द के बाबुलाल, इंदिरा नगर नीमच के शंभुलाल लोहार, मालखेडा के ओमप्रकाश मेघवाल, पिपलिया रावजी की राधाबाई, भादवामाता की सम्पतबाई, ग्वाल तालाब के भेरूलाल, बामनबर्डी के विक्रमदास, अडमालिया के रामगोपाल, रामपुरा की ज्योति, मोरवन की शांतिबाई, उमाहेडा के पूरणदास, कुकडेश्वर के मनोहर दास, पिपलिया रावजी की पदमा, धनेरिया रोड बघाना की रूकमण बाई, कंजार्डा की कमलाबाईने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)